# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-27.08.2023**

**थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा नकबजनी की घटना का सफल अनावरण शातिर अभियुक्तगण 1-अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू व 2-संदीप जायसवाल गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गये सफेद व पीली धातु के आभूषण व बर्तन बरामद।**

---

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 457,380,411,414 भादवि से संबंधित अभियुक्तगण 1.अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू पुत्र राजेश प्रजापति नि0-म0न0 सा 4/18 सी दौलतपुर उसरा पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी व 2.संदीप जायसवाल पुत्र स्व0 जवाहर लाल जायसवाल निवासी-सा0 4/67 C 9 दौलतपुर पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को दिनांक-26/8/23 को समय करीब 20.15 बजे दौलतपुर उसरा पाण्डेयपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गये पीली व सफेद धातु के आभूषण व बर्तनों को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक-24.08.23 को वादिनी मुकदमा श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी श्री मुकुन्द सिंह निवासिनी-मकान सं0 SA 4/2A-A दौलतपुर उसरा पांडेयपुर वाराणसी ने उनके घर से किमती सामान (बहुमूल्य ज्वेलरी, पूजा के बर्तन, घर का अन्य सामान व नकद पैसा 20000/- रु0 किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी करने के संबंध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 457,380 भादवि पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 अमित सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1.अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू पुत्र राजेश प्रजापति नि0-म0न0 सा 4/18 सी दौलतपुर उसरा पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी, उम्र 20 वर्ष।

2.संदीप जायसवाल पुत्र स्व0 जवाहर लाल जायसवाल निवासी-सा0 4/67 C 9 दौलतपुर पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी, उम्र 32 वर्ष।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने दो दिन पहले अपने घर के पास दौलतपुर से एक घर से रात मे छत मे चढकर लोहे की छड मोडकर नीचे कूदकर कुछ गहने व पीतल के बर्तन चोरी कर लिये थे। मै चोरी किये गये पीतल के बर्तन को कल बेच दिया था, जिसमे मुझे कुल 2300/- रूपये मिले थे जिसको मै जुआ खेलकर हार गया। मेरे पास पैसे खत्म हो गये थे और खाने-पीने के लिये मेरे पास कुछ ही पैसे शेष बचे थे, इसलिये मै जो सोने चांदी के गहने चोरी किया था उसे बेचने के लिये ग्राहक की तलाश में अपने मुहल्ले से निकलकर यहां पार्क में रुका था कि आप पुलिस वालों को देखकर अपने पास चोरी का गहना होने के कारण पकड़े जाने के डर से भागने का प्रयास किया किन्तु आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। तत्पश्चात पकड़े गये अभियुक्त अभिषेक उर्फ कल्लू से चोरी के बर्तन कहां बेचे है इसके सम्बन्ध में पूछा गया तो बताया कि पहड़िया में मिश्रा पेट्रोल पम्प के पास एक कबाड़ की दुकान में दिनांक-25.08.2023 को दोपहर में बेचा हूँ अभियुक्त की निशानदेही पर कबाडी की दुकान से संदीप जायसवाल पुत्र स्व0 जवाहर लाल जायसवाल निवासी-सा0 4/67 C 9 दौलतपुर पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को हिरासत पुलिस मे लिया गया तथा चोरी के बर्तन खरीदने के सम्बन्ध मे पूछने पर बताया कि यह लडका मेरी दुकान पर एक बोरी में कुछ पीतल व कांसे के बर्तन एवं मूर्ति का सिंहासन, पूजा की घण्टी एवं पूजा का दिया, तांबे का लोटा आदि सामान लाया था, जिसको मैने 2300/- रूपये मे इस लडके से खरीद लिया था। तत्पश्चात अभियुक्त सन्दीप जायसवाल के कब्जे से चोरी का अन्य सामान बरामद किया गया।

**बरामदगी का विवरण-**

**अभियुक्त अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू के पास से-**1.एक अदद मंगलसूत्र काला मोती लगा हुआ पीली धातु, 2.एक जोडी पैजनी सफेद धातु, 3.एक जोडी पायल सफेद धातु, 4.एक जोडी हाथ का कंगन बच्चे का सफेद धातु, 5.तीन सेट बिछिया सफेद धातु (दो जोडी तीन पीस का,एक जोडी दो पीस का), 6.जामा तलाशी से कुल 350/- रूपये नगद।

**अभियुक्त संदीप जायसवाल के पास से-**1.दो अदद परात पीली धातु वजन 7.5 किग्रा, 2.एक अदद सूप पीली धातु 580 ग्राम, 3.दो अदद बडी एवं चार अदद छोटी पूजा की कटोरी पीली धातु 92 ग्राम, 4.दो अदद पूजा की प्लेट पीली धातु 196 ग्राम, 5.दो अदद छोटी एवं दो अदद बड़ी पूजा का दिया पीली धातु 173 ग्राम, 6.दो अदद सिंघासन एक छोटा एवं एक बड़ा पीली धातु 235 ग्राम, 7.दो अदद पूजा की घण्टी पीली धातु 150 ग्राम, 8.दो अदद तांबे का लोटा 245 ग्राम, 9.चार अदद लोटा (दो ब्रड़ा दो छोटा ) पीली धातु 1260 ग्राम, 10.दो अदद गिलास (छोटा) पीली धातु 33 ग्राम।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 ओमनरायण शुक्ल थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 अमित सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.हे0का0 सुरेन्द्र कुमार मौर्य थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4.हे0का0 चन्द्रेश कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5.का0 मनीष तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6.का0 सिन्धु कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
7.का0 सूरज तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**